Toppersnotes
Unleash the topper in you

# UGC-NET
# राजनीति विज्ञान

National Testing Agency (NTA)

## पेपर 2 || भाग – 3

SIERRA INNOVATIONS

# विषय सूची


| क्र.सं. | अध्याय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| | **इकाई - VI - भारत की विदेश नीति** | |
| 1. | भारतीय विदेश नीति के निर्धारक तत्व | 1 |
| 2. | गुट निरपेक्ष आन्दोलन (NAM- Non Aligned movement) | 6 |
| 3. | दक्षेस (SAARC) | 9 |
| 4. | SCO (Shanghai Cooperation Organisation) | 10 |
| 5. | भारत - अमेरिका संबंध | 11 |
| 6. | भारत-रूस संबंध | 13 |
| 7. | भारत - चीन संबंध | 14 |
| 8. | भारत - बांग्लादेश संबंध | 16 |
| 9. | भारत-श्रीलंका संबंध | 16 |
| 10. | भारत - अफगनिस्तान संबंध | 17 |
| 11. | भारत-नेपाल संबंध | 18 |
| 12. | भारत-भूटान संबंध | 18 |
| 13. | भारत - म्यांमार संबंध | 19 |
| 14. | भारत-पाक संबंध | 19 |
| 15. | अन्तर्राष्ट्रीय आंतकवाद | 21 |
| 16. | पर्यावरणीय मुद्दे (Environment Issues) | 22 |
| | **इकाई - VII - भारत में राजनीतिक संस्थाएँ** | |
| 1. | राज्य सरकार | 26 |
| 2. | राज्य विधानमण्डल से संबंधित अनुच्छेद | 29 |
| 3. | उच्च न्यायालय | 31 |
| 4. | राजस्थान उच्च न्यायालय | 34 |
| 5. | स्थानीय स्वशासन | 35 |
| 6. | पंचायती राज (Panchayati Raj) | 38 |
| 7. | नगर प्रशासन (Municipalities) | 43 |
| 8. | राज्य विधानमण्डल (अनु. 168) | 46 |
| 9. | विधानसभा | 49 |
| 10. | राजस्थान में विधानसभा | 52 |
| 11. | मुख्यमंत्री – मंत्रिपरिषद | 54 |
| 12. | राज्यपाल | 60 |
| 13. | राजस्थान के राज्यपाल | 65 |
| 14. | भारतीय राष्ट्रवाद | 70 |
| 15. | केन्द्र राज्य संबंध | 74 |
| 16. | आयोग | 82 |

| | | |
|---|---|---|
| 17. | सर्वोच्च न्यायालय | 88 |
| 18. | संघ सरकार/केन्द्रीय सरकार | 96 |
| 19. | राज्य सभा "अनुच्छेद-80" | 105 |
| 20. | संसद | 116 |
| 21. | लोकसभा | 120 |
| 22. | संसदीय प्रस्ताव | 125 |
| 23. | राज्यसभा | 135 |
| 24. | प्रधानमंत्री / मंत्रीपरिषद | 136 |
| 25. | राष्ट्रपति (President) | 146 |
| 26. | भारत के राष्ट्रपति | 161 |
| 27. | उपराष्ट्रपति | 166 |
| 28. | नीति निर्देशक तत्व (Directive Principles) - अनुच्छेद 36-51 | 169 |
| 29. | भारतीय संविधान के भाग (Parts of the Indian Constitution) | 174 |
| 30. | मूल अधिकार | 179 |
| 31. | प्रस्तावना / उद्देशिका | 197 |
| 32. | संविधान निर्माण (Constitution Making) | 205 |
| 33. | कार्यपालिका | 215 |
| 34. | शासन के प्रकार (Type of Government) | 230 |
| 35. | निर्वाचन प्रक्रिया तथा भारत का निर्वाचन आयोग | 247 |
| 36. | चुनाव के प्रकार | 248 |
| 37. | राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (National Commission for Minorities) | 250 |
| 38. | भारत का नियंत्रक व महालेखापरीक्षक (CAG) | 252 |
| 39. | राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग | 253 |

**VI**

**UNIT**


# भारत की विदेश नीति

## भारतीय विदेश नीति के निर्धारक तत्व-:

- देश का भौगोलिक आकार -
- भू-भाग में पाए जाने वाले प्राकृतिक संसाधन -
- तकनीकी और पूंजीगत क्षमता
- राजनीतिक व्यवस्था की प्रकृति -
- देश का इतिहास और संस्कृति के द्वारा विदेश नीति-
- अनुच्छेद -51- भारत अन्तर्राष्ट्रीय शन्ति व सुरक्षा
- विदेश मंत्रालय - विदेश मंत्री
- प्रधानमंत्री कार्यालय - PMO मोदी-
- अन्तर्राष्ट्रीय संधियों व समझौता का अनुमोदन संसद द्वारा-

## भारतीय विदेश नीति के चरण-:

- आदर्शवादी गुटनिरपेक्षता- 1947-62
- यर्थाथवादी नीति 1962-71
- भारतीय क्षेत्रीयता का दावा- 1971-91
- एकध्रुवीय विश्व में भारत की सामरिक स्वायतता- 1992




**1. नेहरू युग (1947-1964)**

- ✓ भारतीय विदेश नीति का आदर्शवादी चरण -
- ✓ **दौर की प्रमुख विशेषता:** गुटनिरपेक्ष आन्दोलन, पंचशील, निःशस्त्रीकरण, साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद व रंगभेद के द्वारा भारत की प्रतिष्ठा में वृद्धि -
- ✓ **पंचशील समझौता - 29 अप्रेल 1954**
  - पाँच राष्ट्रीय एकता व अखण्डता को मान्यता -
  - अनाक्रमण
  - अहस्तक्षेप
  - समानता व पारस्परिक लाभ पर संबन्ध
  - शान्तिपूर्ण सह-अस्तित्व
- ✓ **गुटनिरपेक्ष आन्दोलन**
  - **पृष्ठभूमि:** बांडुग सम्मेलन 1955 में
  - **स्थापना:** बेलग्रेड सम्मेलन (1961 में) (यूगोस्लाविया)

2. **उत्तर - नेहरू युग -:**
   - ✓ इस समय भारतीय विदेश नीति यर्थाथवाद की ओर उन्मुख थी।
   - ✓ 1971 - सोवियत संघ से सन्धि
   - ✓ जुलाई 1972 - पाकिस्तान के साथ शिमला समझौता
   - ✓ 1974- परमाणु परीक्षण
   - ✓ 1985 - सार्क की स्थापना

3. **भूमण्डलीकरण का प्रथम दशक -:**
   - ✓ सोवियत संघ के पतन तथा शीतयुद्ध की समाप्ति के कारण भारतीय विदेश नीति में यथार्थपरकता आयी
   - ✓ LPG का आगमन - PM-नरसिम्हा राव, विदेश मंत्री - मनमोहन सिंह
   - ✓ लुक ईस्ट पोलिसी - 1992
   - ✓ गुजराल डॉक्ट्रिन – 1996

4. **भूमण्डलीकृत विश्व- 2001- अब तक -**
   - ✓ भारत इस दौरान कई क्षेत्रीय आर्थिक संगठन का सदस्य
   - ✓ आर्थिक सुधार, उदारीकरण व विदेश इंजीनिवेश को तरजीह दी गई

➢ **2014 के बाद विदेश नीति - (मोदी युग की विदेश नीति: सक्रियता व आक्रमकता का सन्तुलन)**

(A) नेबर फर्स्ट

(B) एक्ट ईस्ट पॉलिसी

(C) आक्रामक सुरक्षा व कुटनीति

(D) ऊर्जा सुरक्षा

(E) सांस्कृतिक व आर्थिक कुटनीति -

(F) विभिन्न प्रमुख संगठनों में भारत की सदस्यता

➢ **J. N. दीक्षित Book- 'भारतीय विदेश नीति' - नौ चरण में**

(i) अन्तर्राष्ट्रीय कुटनीति के क्षेत्र में भारत का अभ्युदय (1946-55)

(ii) भ्रांतियों का अंतः नए युग का प्रारंभ (1956-64)

(iii) भारत की विदेश नीति का प्रमुख चरण (1964-77)

(iv) आंतरिक अनिश्चितता एवं प्रतिक्रियामूलक कुटनीति (1977-84)

(v) बदलते हुए विश्व के साथ तालमेल (1985-91)

(vi) 21 वी सदी की दहलीज पर (1990-1997)

(vii) नई लीक (2005-2014)

(viii) नए विश्व की ओर (1998-2004)

(ix) मास्टर स्ट्रोक्स की विदेश नीति (2014 के बाद--)

## <u>भारतीय प्रधानमंत्री एवं उनकी विदेश नीति-:</u>

1. **प. जवाहर लाल नेहरू (1947-64) - आदर्शवादी नीति**
   - ✓ एशिया - अफ्रीकी देशों की एकता की नीति

- ✓ मार्च 1947 - एशियाई सम्मेलन (नई दिल्ली)
- ✓ चीन और नेहरू जी - हिंदी-चीनी भाई-भाई का नारा
- ✓ पंचशील समब्सौता
- ✓ **नेहरू व पाकिस्तान -:**
  - 1948- कश्मीर पर कबाईली हमला
  - 1960- सिंधु जल संधि (विश्व बैंक की मध्यस्थता)
- ✓ **नेहरू और राष्ट्रमण्डल -**
  - भारत का अधिकांश व्यापार ब्रिटेन और राष्ट्रमण्डल देशो-निर्म
- ✓ **नेहरू की आलोचना-:**
  - नेहरू की नीति अत्यन्त भावना प्रधान - तिब्बत संबंधी नीति
  - असंलग्नता की नीति को संदेह से देखा गया-
  - भारत की राष्ट्रमण्डल की सदस्यता-दास मनोवृति-परिचायक

**2. लाल बहादुर शास्त्री -:**

- ✓ 1965- भारत - पाक युद्ध
- ✓ 1966- ताशकन्द समझौता (शास्त्री व अयूब खान के मध्य)

**3. इन्दिरा गाँधी -:**

- ✓ 1968- N.P.T. पर हस्ताक्षर से इन्कार
- ✓ 1971- भारत व USSR के मध्य 20 वर्षीय सन्धि
- ✓ 1971 - भारत-पाक युद्ध तथा बांग्लादेश का जन्म
- ✓ 1972 - शिमला समझौता (इंदिरा v/s जुल्फीकार अली)
- ✓ 1974- प्रथम परमाणु विस्फोट
- ✓ 1974 - कच्छतिबु - श्रीलंका को सौंपा
- ✓ 1975 - सिक्किम का भारत में विलय (35 व 36 वां स्.स.)
- ✓ 1983 - NAM का 7 वां सम्मेलन - नई दिल्ली

**4. मोरारजी देसाई -:**

- ✓ असली गुटनिरपेक्षता या विशुद्ध गुटनिरपेक्षता का नारा -
- ✓ "भारत को न केवल गुटनिरपेक्ष रहना चाहिए बल्कि वैसा दिखना भी चाहिए"- अटल बिहारी (विदेश मंत्री)
- ✓ 14 अप्रेल 1978- सलाल जल विद्युत परियोजना (भारत व पाक)
- ✓ 29 सितम्बर 1977- फरक्का समझौता (भारत व बांग्लादेश)

**5. राजीव गाँधी -:**

- ✓ 1985- सार्क की स्थापना
- ✓ 1987 - राजीव - जयवर्धने समझौता
- ✓ 1985- 6 देशों का निरस्त्रीकरण सम्मेलन तथा 4-D का concept
  - D-Disarmament, -Decalonization, -Development, -Diplomacy of peace

**6. नरसिम्हा राव**

- ✓ सक्रिय यथार्थवाद की नीति-
- ✓ C.P.G. की शुरुआत
- ✓ Look East Palicy

**7. H.D. देवगोड़ा -**

- ✓ 20 अगस्त 1996 - C.T.B.T. - जेनेवा में - वीटो कर देना

**8. इन्द्र कुमार गुजराल -**

- ✓ सहयोगात्मक क्षेत्रवाद की नीति - पड़ोसी देशों को एकतरफा छूट
- ✓ देवगोड़ा - सरकार इन्होने "गुजराल सिद्धान्त" दिया
- ✓ **गुजराल डॉक्ट्रिन -:** भारत अपने पड़ोसी राष्ट्रों के साथ सद्भावना एवं विश्वासपूर्ण सहयोग करते हुए उनसे किसी भी प्रकार के प्रतिदान का आग्रह नहीं करेगा-

**9. अटल बिहारी वाजपेयी -: (1998-2004)**

- ✓ 1998 - द्वितीय परमाणु परीक्षण (पोकरण में, 11 व 13 मई 1998)
- ✓ 1999 - लाहौर बस यात्रा व कारगिल संघर्ष
- ✓ 2001 - आगरा समिट व संसद पर हमला
- ✓ मैकांग - गंगा समब्सौता - 2000 - भारत + (भ्यामार, लाओस कम्बोडिया, थाईलैण्ड, वियतनाम)
- ✓ 1999 - भारत की परमाणु नीति

**10. मनमोहन सिंह (2004-2014)**

- ✓ 'रणनीतिक अर्थव्यवस्था' की अवधारणा -
- ✓ 2005- Extended Neighbourhood Policy के तहत.
- ✓ 2005- Indo-USA Nudear Deal - -2008 में
- ✓ कृष्णा डॉक्ट्रिन - (प्रवासी भारतीयों के सन्दर्भ में)

**11. नरेन्द्र मोदी (2014)**

- ✓ लुक ईस्ट पॉलिसी एक्ट ईस्ट में बदल दिया
- ✓ 'नेकल्स ऑफ डायमंड पॉलिसी-
- ✓ **मोदी का प्रथम दौरा -** भूटान (2014 में)
- ✓ **मोदी की प्रमुख नीति-:**
  (A) पहले पड़ोस की नीति
  (B) एक्ट ईस्ट पॉलिसी
  (C) फास्ट ट्रेक डिप्लोमेसी
  (D) पैरा डिप्लोमेसी
  (E) प्रवासी को जोड़ने पर बल
  (F) आर्थिक विकास पर बल
  (G) सांस्कृतिक कुटनीति पर बल-
- ✓ **नेबरहुई फर्स्ट -** नरेन्द्र मोदी
- ✓ **क्योटो प्रोटोकॉल -** ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए 16 फरवरी 2005 से प्रभावी
- ✓ **मोदी -** नेबरहुड फर्स्ट नीति का नया आयाम - माइझस् वन (पाकिस्तान)
- ✓ BIMSTEC- बढ़ावा दिया जा रहा है।
- ✓ Think west, Look west, Link West की मोदी नीति- खाड़ी देशों से संबंध सुधार की नीति

## <u>भारत की परमाणु नीति</u>

- ➢ **प. नेहरु -** भारत की परमाणु नीति केवल शान्तिपूर्ण एवं विकास कार्यों के लिए करना था
- ➢ **इन्दिरा गाँधी -:**
  - ✓ 1966 में प्रधानमंत्री बनी
  - ✓ भारत की परमाणु नीति दोहरे पथ की बन गई.
  - ✓ **18 मई 1974 -** भारत ने प्रथम परमाणु परीक्षण किया

- **1978-** USA ने परमाणु प्रसार को रोकने के लिए परमाणु अप्रसार अधिनियम (NNPA) बनाया और भारत के तारापुर परमाणु भट्टी में दी जा रही युरेनियम की सप्लाई पर रोक लगा दी-
- **1981 -** फ्रांस ने भारत के साथ 1993 तक यूरेनियम सप्लाई जारी रखने का समझौता..
- **11व 13 मई 1998 -:** भारत ने पाँच बहुउद्देशीय परमाणु विस्कोर
- **14 मई 1998 -** भारत के परमाणु परीक्षणों की सुरक्षा परिषद में निन्दा की गई

## भारत का परमाणु सिद्धान्त -:

- **अगस्त 1999-** परमाणु सिद्धान्त के प्रारूप की घोषणा (अटल बिहारी वाजपेयी डारा)
- **सिद्धान्त के प्रमुख तत्व -:**
  - ✓ परमाणु प्रहार न करना
  - ✓ न्यूनतम परमाणु प्रतिरोधन
  - ✓ निःशस्त्रीकरण
- **भारत के परमाणु निवारक के केन्द्र में 3 सिद्धान्त**
  1. विश्वसनीयता
  2. प्रभावशीलता
  3. उत्तरजीविता
- **परमाणु सिद्धान्त -:**
  - ✓ एक विश्वसनीय न्यूनतम निवारक का निर्माण और रखरखाव
  - ✓ नो फर्स्ट यूज
  - ✓ गैर-परमाणु हथियार सम्पन्न देशों के विरुद्ध परमानु हथियारों का प्रयोग न करना -
  - ✓ वैश्विक सत्यापन योग्य
  - ✓ परमाणु और मिसाइल संबधी सामग्रियों और प्रौद्योगिकी के निर्यात पर सख्त नियंत्रण की निरंतरता.

## परमाणु कमान प्राधिकरण (NCA)

- भारतीय परमाणु कार्यक्रम के" संचालन नियंत्रण व ऑपरेशन"
- **स्थापना -** 2003 (अटल सरकार ने)
- इसमें एक राजनीतिक परिषद और एक कार्यकारी परिषद शामिल
  - ✓ अध्यक्षता - प्रधानमंत्री
- भारत के परमाणु सिद्धान्त में - नाभिकीय शस्त्रों का पहले प्रयोगम सिद्धान्त की मान्यता और 'विश्वसनीय न्यूनतम निवारण'
- **सिद्धान्त के 3 तत्व**
  1. पहले प्रयोग नहीं
  2. न्यूनतम परमाणु प्रतिरोधन
  3. निरस्त्रीकरण
- **त्रिस्तरीय संरचना**
  - ✓ राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद - शीर्ष निकाय (अध्यक्षता- PM)
    - रणनीतिक नीति समूह (अध्यक्षता - केबिनेट सचिव)
    - राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड

Toppersnotes Unleash the topper in you

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड :

- वरिष्ठ सेवानिवृत अधिकारी, शिक्षाविद, आंतरिक और बाध्य सुरक्षा, विदेश मामलों, रक्षा विज्ञान और प्रौद्योगिकी - विशेषज्ञ
- **1998 में प्रथम सहयोजक -:** श्री. के. सुब्रह्माण्यय
- **बोर्ड के वर्तमान एजेण्डे -:**
  - ✓ पड़ोस की रणनीति
  - ✓ पश्चिमी पड़ोस
  - ✓ सामरिक संचार
  - ✓ आंतरिक सुरक्षा
  - ✓ सामरिक उद्योग और प्रौद्योगिकी
- **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार**

| प्रधानमंत्री | राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार | कार्यकाल |
|---|---|---|
| 1. अटल बिहारी वाजपेयी | 1. ब्रजेश मिश्रा (Ifos) | (1998-2004) |
| 2. डॉ. मनमोहन सिंह | 2. जे. एन-दीक्षित | (2004-2005) |
| | 3. एम. के. नारायणन | (2005-10) |
| | 4. शिव शंकर मेनन | (2010-14) |
| 3. नरेन्द्र मोदी | 5. अजीत डोभाल (IPS) | (मई 2014 -- वर्तमान) |

## गुट निरपेक्ष आन्दोलन (NAM- Non Aligned movement)

- **गुटनिरपेक्ष शब्द का पहला प्रयोग -:** भारत के रक्षामंत्री V. के. कृष्णमेन (1953 में)
- **गुटनिरपेक्षता शब्द का प्रथम वैज्ञानिक प्रयोग में अर्थ -:** जॉर्ज लिस्का
- **कोलम्बों सम्मेलन (1954) -:** प. नेहरू ने 'नान अलाइनमेंट' शब्द
- **शीत युद्ध (1945-1991)**
  - ✓ विश्व दो गुटों में विभाजित था
  - ✓ पूँजीवादी (नेतृत्व - अमेरिका (USA) - पश्चिमी खेमा)
  - ✓ साम्यवादी (सोवियत संघ रूस (USSR) - पूर्वी खेमा)
  - ✓ तीसरा गुट - गुटनिरपेक्ष आन्दोलन (गुटो से अलग रहने की नीति)
- **शुरुआत -**
  - ✓ बांडुग सम्मेलन - 1955 - एशिया + अफ्रीकी देशों का सम्मेलन
  - ✓ 29 देशो ने हिस्सा
  - ✓ आयोजन का विचार - श्रीलंका ने
  - ✓ अफ्रीका - एशियाई सम्मेलन भी कहा जाता है।
- **गुटनिरपेक्षता के औपचारिक संस्थापक-**
  - ✓ प. जवाहरलाल नेहरू (भारत)
  - ✓ मार्शल टीटो - (यूगोस्लाविया)
  - ✓ कर्नल नासिर (मिस्त्र)
- **समर्थन -:**
  - ✓ सुर्कणों - (इण्डोनेशिया)
  - ✓ वाम एनाक्रमा - (घाना)
- **स्थापना -** 1961 (बेलग्रेड (यूगोस्लाविया))
  - ✓ **पहले सम्मेलन में -** मूल सदस्य - 25 देश, पर्यवेक्षक - उदेश

- **वर्तमान सदस्य -** 120 देश
    - ✓ अफ्रीका - 53 देश
    - ✓ एशिया - 39 देश
    - ✓ लैटिन अमेरीका व करिबाई - 26 देश
    - ✓ यूरोप - 02 देश (बेलारूस व अजरबैजान)
- **पर्यवेक्षक राष्ट्र -** 18
- **पर्यवेक्षक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन -** 10
- **NAM का समन्वय ब्यूरो -** न्यूयार्क
- **NAM का मुख्य लक्षण -** विदेश नीति की स्वतंत्रता
- **जॉर्ज लिस्का –** "गुटनिरपेक्षता सभी देशों के बीच हर तरह की सैन्य सन्धियों के विरुद्ध है"
- **गुटनिरपेक्षता का अर्थ-:**
    - ✓ **श्वार्जन बर्गर -:** 'गुटनिरपेक्षता एक स्वार्थ नीति है'
    - ✓ **NAML 6 अर्थ -:** असंलग्नता, अप्रतिबंधता, तटस्थता, तटस्थीकरण, अलगाववाद, एक पक्षवाद
    - ✓ **प. नेहरू -** 'गुटनिरपेक्षता - तीसरा गुट नहीं बल्कि शांतिका गुट है। यह पलायन भी नहीं है"
- **NAM की सदस्यता की शर्त (5 शर्तें)**
    1. स्वाभत व स्वतंत्र विदेश नीति तथा शांतिपूर्ण सहअस्तित्व -
    2. उपनिवेशवाद व साम्राज्यवाद का विरोध
    3. सदस्य राष्ट्र की भूमि पर विदेशी सैनिक अड्डे न होना-
    4. सैन्य गठबंधनो से दूरी (NATO, SEATO, WARSA आदि)
    5. महाशक्तियों के साथ द्विपक्षीय सैन्य संधि न हो -
    - ✓ **"युद्ध का खतरा एवं शान्ति के लिए अपील"** - 1961 बेलग्रेड सम्मेलन
- **NAM के मुख्य उद्देश्य -:**
    - ✓ शीत युद्ध की राजनीति का परित्याग करना -
    - ✓ स्वतंत्र विदेश नीति का अनुसरण करना-
    - ✓ सैन्य गठबन्धनों से दूर रहना-
    - ✓ साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद, रंगभेद की नीति के विरुद्ध संघर्ष जारी
- **NAM के प्रमुख अंग -:**
    - ✓ **समन्वय ब्यूरो -** न्यूयार्क में-
    - ✓ **विदेशमंत्री सम्मेलन -** शिखर सम्मेलन का Agenda तैयार करता -
    - ✓ **शिखर सम्मेलन -** लगभग 3 वर्ष से
        - **प्रथम सम्मेलन -** बेलग्रेड-1961
        - **19वां सम्मेलन -** युगाण्डा - 2023

## <u>महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन -</u>

**1. अल्जीयर्स सम्मेलन -: 1973**
- ✓ नयी अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था (NIEO - New International Economic Order) की स्पष्ट घोषणा व माँग -

2. **हवाना (क्यूबा) शिखर सम्मेलन - 1979**
   - ✓ **प्राकृतिक मित्र का सिद्धान्त:** क्यूबा राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रों ने USSR को NAM का स्वभाविक या प्राकृतिक मित्र कहा।
3. **नई दिल्ली सम्मेलन - 1983 (7th सम्मेलन) -:**
   - ✓ उत्तर-दक्षिण संवाद तथा दक्षिण-दक्षिण सहयोग पर बल व पूर्ण परमाणु निस्त्रीकरण पर बल -
   - ✓ **इन्दिरा गाँधी -:** 'कोई पहली, दूसरी या तीसरी दुनिया नहीं, पूरा विश्व एक है।"
   - ✓ 1983 में NAM चेयरमेन - नीलम संजीव रेड्डी, 1983-1986 - ज्ञानी जैल सिंह
4. **हरारे सम्मेलन - 1986 (जिम्बावे) - 25 वी वर्षगाठ**
   - ✓ AFRICA कोष की स्थापना
   - ✓ SWAPO की सहायता का निर्णय - नामीबिया
   - ✓ **मुख्य मुद्दा -** विश्व शान्ति और नि:शस्त्रीकरण रहे -
   - ✓ **कर्नल गद्दाफी -** इस सम्मेलन में NAM को "अन्तर्राष्ट्रीय भ्रम का मजाकिया आन्दोलन" कहा।
5. **जकार्ता सम्मेलन - 1992 -** NAM की प्रासंगिकता पर चर्चा -
6. **तेहरान सम्मेलन – 2012 -** 120 सदस्य (119 - अजरबैजान, 120- फिजी)
7. **बाकु (अजरबैजान) सम्मेलन - 18वाँ - 2019-**
   - ✓ **थीम-** 'समकालीन वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए बांडुग सिद्धांतो की अनुपालना'
   - ✓ **वर्तमान NAM के अध्यक्ष-** इल्हाम अलीयेव (अजरबैजान राष्ट्रपति)

## <u>भारत तथा गुटनिरपेक्षता -:</u>

- ➢ **असली गुटनिरपेक्षता -** 1977 में जनता पार्टी का नारा -
- ➢ **अटल बिहारी वाजपेयी -** 'शुद्ध गुटनिरपेक्षता' या 'असली गुटनिरपेक्षता'। 'भारत को न केवल गुट-निरपेक्ष रहना चाहिए बल्कि वैसा दिखना भी चाहिए'
- ➢ **भारत : गुटनिरपेक्षता 2.0 -**
  - ✓ 21वीं सदी - NAM 2.0 - 2012 में नई दिल्ली में जारी-
  - ✓ **NAM 2.0 -:** बहुपक्षीयता पर बल दिया गया तथा अन्य क्षेत्रीय संगठनो के साथ भी सहयोग पर बल।
  - ✓ **समर्थक विद्वान:** भानुप्रताप मेहता, श्यामशरण, शिवशंकर मेनन, सुनिल खिलनानी, राजीव कुमार, एम. के. नारायणन -
  - ✓ **सुनील खिलनानी -:** पुस्तक - 'Non Alignment 2.0: A Foreign and strategic policy for India in the 21st century' (2013)
  - ✓ **NAM 2.0 के निम्न कारण-:**
    - भारत की अमेरिका के साथ बढ़ती हुई निकटता-
    - भारत का महाशक्ति के रूप में उदय होना.
    - तीसरी दुनिया के नेतृत्व की बजाय अपने राष्ट्रीय हितो को प्राथमिकता
- ➢ **NAM की आलोचना -:**
  - ✓ **पाश्चात्य विचारक-** 'NAM को धोची व अवसरवादी विचारधारा-
  - ✓ **राष्ट्रपति इमैन -:** 'NAM नीति, अनैतिक नीति है'
  - ✓ **राष्ट्रपति रीगन -:** 'छद्मवेशी गुटनिरपेक्षता-
  - ✓ **उलेस -:** 'आप या तो सफेद या काले, अन्य कोई मार्ग नहीं हो सकता'

## दक्षेस (SAARC)

- **SAARC -** South Asian Association for Regional Cooperation (दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संगठन)
- **स्थापना -** 8 दिसम्बर 1985, ढाका (बांग्लादेश)
- **सदस्य देश -** 8 (मूल देश - 7)
  - ✓ (भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान)
  - ✓ **8वाँ -** अफगानिस्तान (14वें शिखर सम्मेलन, 2007)
- **सार्क का विचार -** बांग्लादेश के राष्ट्रपति जियाउर रहमान
- **स्थायी पर्यवेक्षक -** 9 देश (U.S.A., चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, म्यांमार, ईरान, मोरिशस, दक्षिण कोरिया, यूरोपियन यूनियन)
- **मेहमान -** दक्षिण अफ्रीका
- **सचिवालय** – काठमाण्डू - (1987 में स्थापित)
  - ✓ **प्रथम महासचिव -** अब्दूल अहसान (बांग्लादेश)
  - ✓ **वर्तमान महासचिव -** इसाला रुआन विराकौन (श्रीलंका) (मार्च, 2020 से)
- **सार्क के चार्टर में अनुच्छेद- 10**
- **सार्क के विशेष निकाय -**

  (A) सार्क विकास कोष - थिम्पू, भूटान

  (B) दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय - नई दिल्ली

  (C) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय मानक संगठन - ढाका

  (D) सार्क मध्यस्थता परिषद - पाकिस्तान (यह परिषद वाणिज्यिक, औद्योगिक, व्यापारिक, बैंकिंग, निवेश व अन्य विवादो को निपटाने हेतु)

### सार्क की उपलब्धियाँ -:

- **SAPTA -** South Asia Preferential Trading Agreement
  - ✓ 1993 में, लागू - 1995
- **SAFTA -** South Asian Free Trade Area
  - ✓ 2004 में, लागू - 2006
- **SATIS -** SAARC Agreement on Trade in Services:- 2012 में

### शिखर सम्मेलन - अनुच्छेद-3

- **Ist -** 1985 ढाका में
- **2nd -** 1986 - बंगलौर में, भारत- सार्क सचिवालय काठमांडू
- **8th -** 1995- नई दिल्ली में
  - ✓ 1995- दल्लेस गरीबी उन्मूलन वर्ष
  - ✓ 1996- दक्षेस साक्षरता वर्ष
- **20th -** इस्लामाबाद, पाकिस्तान में ही प्रस्तावित है।
- **दक्षिण एशिया सैटेलाइट -** मूल नाम सार्क सेटेलाइट
  - ✓ यह संचार एवं मौसम उपग्रह है जो पूर्णतया भारत व्यय पर आधारित है।
- भारत सार्क की बजाय - बिम्सटेक को महत्व अधिक
  - ✓ **BIMSTEC -** (भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार व थाइलैण्ड)

## दक्षिण एशिया का घटनाक्रम

- **1947-** भारत-पाक स्वतंत्र राष्ट्र
- **सितम्बर 1960-** सिंधु नदी जल समझौता (भारत और पाक)
- **1962-** भारत-चीन सीमा विवाद युद्ध
- **1965-** भारत-पाक युद्ध
- **1966 -** भारत-पाक के बीच ताशकंद समझोता -
- **मार्च 1971-** बांग्लादेश के नेताओं द्वारा आजादी की घोषणा
- **अगस्त 1971-** भारत और सोवियत संघ की 20 वर्ष-मैत्री संधि
- **दिसम्बर 1971-** भारत-पाक युद्ध, बांग्लादेश की मुक्ति
- **जुलाई 1972-** भारत-पाक के मध्य शिमला समझौता.
- **मई 1974-** भारत ने प्रथम परमाणु परीक्षण
- **दिसम्बर 1985 -** सार्क के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर
- **1987-** भारत-श्रीलंका समझौता, भारतीय शान्ति सेना का श्रीलंका में अभियान (1987-90)
- **1988-** मालदीव में भाड़े के सैनिकों द्वारा किए गए षड्यंत्र को नाकाम करने के लिए - भारत-सेना-
- **1988-91-** पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल लोकतंत्र बहाल
- **1993-** सार्क के 7वें सम्मेलन (ढाका) में आपसी व्यापार में सार्क के देशों को वरीयता देने की सन्धि SAPTA पर हस्ताक्षर
- **दिसम्बर 1996-** फरक्का समझौता (भारत और बांग्लादेश)
- **मई 1998-** भारत और पाक ने परमाणु परीक्षण-
- **दिसम्बर 1998-** भारत और श्रीलंका - मुक्त व्यापार सन्धि
- **फरवरी 1999-** अटलजी की लाहौर बस यात्रा.
- **जून-जुलाई 1999-** करगिल युद्ध (भारत - पाक)
- **जुलाई 2001-** वाजपेयी - मुशर्रफ के बीच आगरा बैठक असफल
- **फरवरी 2004-** 12वें दक्षेस सम्मेलन में SAFTA-हस्ताक्षर
- **दिसम्बर 2015-** PM मोदी, नवाज शरीफ के बुलावे पर पाकिस्तान गए

# SCO (Shanghai Cooperation Organisation)

- **स्थापना -:** 1996
- **मुख्यालय -** बीजिंग
- **शंघाई फाइव देश** – चीन, रूस, कजाकिस्तान, किरगिस्तान, तजाकिस्तान
- **वर्तमान देश -** 9 (संस्थापक + उज्बेकिस्तान, भारत, पाकिस्तान, ईरान)
- **उद्देश्य -** SCO- यूरेशियन क्षेत्र में आर्थिक, सैन्य और राजनीतिक सहयोग को बढ़ाने के लिए स्थायी अंतर सरकारी निकाय
- **2016-** ऊफा (रूस) में हुए शिखर सम्मेलन में भारत व पाक को सदस्य बनाने का निर्णय -
- **मुख्य उद्देश्य -** आर्थिक एवं राजनीतिक सहयोग स्थापित
- **2018-** चीन में किंगडाओ सम्मेलन (पहली बार भारत एवं पाक SCO सदस्य के रूप में सम्मिलित हुए)
- **2021-** 19वां सम्मेलन सिरपैक (किरगिस्तान में) हुआ (इसमें भारतीय PM नरेन्द्र मोदी ने भाग लिया और HEALTH का **मंत्र दिया)**

## GCC - Gulf-Cooperation Council (खाड़ी सहयोग परिषद)

- **स्थापना -** 25 मई 1981
- **सदस्य -** 6 (UAE, बहरीन, सऊदी अरब, ओमान, कतर, कुवैत)
- **मुख्यालय -** रियाद (सऊदी अरब)
- **महासचिव -** असम मोहम्मद अल बुदाईवी
- **उद्देश्य -** सदस्य देशों के बीच एकता हासिल करने के लिए सभी क्षेत्रो में समन्वय, एकीकरण, अतः संवबो- प्रभावित
  - ✓ आर्थिक व वित्तीय मामले
  - ✓ वाणिज्य, सीमा शुल्क और संचार
  - ✓ शिक्षा व संस्कृति
  - ✓ वैज्ञानिक अनुसंधान स्थापित करना -
  - ✓ निजी क्षेत्र द्वारा सहयोग को प्रोत्साहन देना.
- **संगठन -:**
  - ✓ सर्वोच्च परिषद
  - ✓ मंत्रिस्तरीय परिषद
  - ✓ सचिवालय जनरल
  - ✓ परामर्शदात्री आयोग
  - ✓ विवादों के निपटारे के लिए आयोग
  - ✓ महासचिव
    - **39 वां सत्र -** रियाद में, परिषद - "रियाद - घोषणा पत्र " जारी (72 मुद्दे शामिल)
    - **40 वा सत्र -** संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित होगा

## भारत - अमेरिका संबंध

- भारत व अमेरिका- दो बड़े एवं महत्वपूर्ण प्रजातांत्रिक देश है।
- **भारत व अमेरिका - संबंध के विभिन्न काल**

1. **मधुर काल (1947-1954) -:**
   - ✓ प. नेहरू ने 1949 - प्रथम विदेश यात्रा अमेरिका से प्रारम्भ
   - ✓ यह काल मुख्यतया शीत युद्ध का युग था.
2. **सहयोग एवं विरोध (1955-1971) -:**
   - ✓ 1957- प. नेहरू की अमेरिका यात्रा
   - ✓ 1959 - USA राष्ट्रपति आइजनहावर की भारत यात्रा
   - ✓ 1963 - भारतीय राष्ट्रपति राधाकृष्णन की अमेरिका यात्रा
   - ✓ मई 1960 - भारत-चीन युद्ध समय - अमेरिका का भारत को समर्थन
   - ✓ P.L.-480 कानून के अन्तगत आर्थिक सहायता
   - ✓ 1971 - निक्सन ने भारत-पाक युद्ध समय भारत को डराने के लिए सातवां जहाजी बेड़ा 'U.S.A. एंटरप्राइज' भेजा
3. **नए समीकरण एवं विरोध (1972-79)-**
   - ✓ बांग्लादेश की स्थापना
   - ✓ नवशीतयुद्ध के प्रारम्भ तक चला.
   - ✓ 1974- डियगो गार्सिया (हिन्द महासागर) में अमेरिकन नौसैनिक अड्डा का इन्दिरा गाँधी ने विरोध किया -
   - ✓ 1974 - भारत के परमाणु परीक्षण की USA ने आलोचना की.
   - ✓ जून 1978 - जिम्मी कार्टर की भारत यात्रा
   - ✓ 1978 - मोरारजी देसाई वांशिगटन गए

4. **बदलाव एवं सहयोग -: (1980-81)**
   - ✓ 1985- राजीव गाँधी की USA की यात्रा की -
   - ✓ USA राजदूत हैरिस बन्से -" यह एक नई शुरुआत है जो भारत और अमेरिका दोनों के लिए अच्छी है".
5. **मतभेद परन्तु संयम (1991-2021)**
   - ✓ मार्च 2000 - USA राष्ट्रपति हेनरी क्लिंटन की भारत यात्रा-
   - ✓ सितम्बर 2000- PM अटल बिहारी की अमेरिका यात्रा -
   - ✓ PIVOT ASIA POLICY-2012-
   - ✓ 2015 - गणतन्त्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि - USA राष्ट्रपति बराक ओबामा
   - ✓ सितम्बर 2017- भारत ने अमेरिका के साथ रक्षा रणनीति - आगे
   - ✓ Quad (भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान)
6. **जो बाइडन का काल (2021---)**
   - ✓ बाइडन प्रशासन ने H1B नियमों में स्थिलिता लाये है। तथा H1B वीजाधारकों के जीवन साथी को दिया जाने वाले H-4 वीजा को अमेरिका में नौकरी करने की अनुमति प्रदान की -
   - ✓ बाइडन काल में वैश्विक समस्थाओं पर पुन: सामूहिक प्रयासो को बढ़ावा दिया गया -
   - ✓ **पाकिस्तान के प्रति रुख:** आतंकवाद के खिलाफ पाक के प्रति रुख कठोर -
   - ✓ **रक्षा सहयोग -**
     - ट्रम्प काल में CAATSA के तहत भारत पर रूस से S-400 Triumphs anti missile system नहीं खरीदने का दबाव बनाया जा रहा-
     - बाइडन काल में भी भारत पर USA से हथियार खरीद का दबाव बनाया जा सकता है।

## भारत तथा अमेरिका में विवाद के कारण -:

- ➢ कश्मीर मुद्दा
- ➢ मानवाधिकार का मुद्दा
- ➢ परमाणु - NPT व CTBT पर India ने हस्ताक्षर नहीं किये
- ➢ जलवायु परिवर्तन में BASIC देशों की जिम्मेदारी
- ➢ भारत व अमेरिका प्रवासन मुद्दा -
- ➢ भारत निर्मित औषधियों पर अमेरिकी आपत्ति
- ➢ WTO, ब्रेटनवुड्स संबधी विवाद
- ➢ अमेरिका की Pax Americana की नीति
- ➢ बौद्धिक संपदा विवाद -
- ➢ H1-B विजा विवाद
- ➢ CAATSA आर्थिक प्रतिबंध विवा

## भारत-अमेरिका के सहयोग के क्षेत्र -:

- ➢ **असैन्य परमाणु समझौता -** 2005
  - ✓ इसे 1,2,3 समझौता या हैनरी हाइड एक्ट समझौता भी कहते हैं.
- ➢ **राजनीतिक सहयोग -**
  - ✓ हाउडी मोदी (22 सितम्बर 2019) - ट्यूस्टन
  - ✓ नमस्ते ट्रम्प (24-25 फरवरी 2020)- अहमदाबाद

Toppersnotes Unleash the topper in you

- **सामरिक सहयोग (2+2 डॉयलाग : विदेश मंत्री + रक्षा मंत्री)**
    - ✓ Quad of JAJ
    - ✓ अभ्यास
    - ✓ IECR- [International Export Control Regime]
    - ✓ NSG (Nuclear Suppliers Group) - लंदन क्लब -
    - ✓ मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था.
    - ✓ ऑस्ट्रेलिया समूह
- **आंतकवाद के विरुद्ध सहयोग**

## भारत-रूस संबंध

- **भारत - रूस द्विपक्षीय सहयोग -:**
    - ✓ 1962- युद्ध में USSR ने साम्यवादी चीन का साथ नहीं दिया-
    - ✓ 1963- भारत को मिग-21' विमानों की आपूर्ति की गई -
    - ✓ 1971 - भारत - USSR के मध्य 'शांति-मैत्री व सहयोग सन्धि'
    - ✓ कश्मीर मुद्दे पर USSR ने भारत का साथ-
    - ✓ सैन्य आपूर्ति - USSR द्वारा सर्वाधिक की जाती है।
    - ✓ 1993- रुसी राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने भारत की यात्रा-
    - ✓ 1993- दोनो देशों के बीच मित्रता व सहयोग की संधि
    - ✓ 1994- PM नरसिम्हाराव की रूस यात्रा
    - ✓ 1997- PM H.D. दैवगोड़ा ने रूस की यात्रा की-
- **राजनीतिक क्षेत्र -**
    - ✓ 2000- भारत-रूस वार्षिक शिखर वार्ता का आयोजन -
    - ✓ दोनों देशों के संबंधो को - 'विशेष एवं विशेषाधिकारपूर्ण सामरिक साझेदारी" का दर्जा दिया गया-
- **रक्षा सहयोग का क्षेत्र -:**
    - ✓ भारत- रूस मिलकर - 'ब्रह्मोस' क्रूज मिसाइल का निर्माण -
    - ✓ Kamov-226T (हैलीकॉप्टर )-: निर्माण संयुक्त रूप से -
    - ✓ S-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली: भारत ने रूस से खरीदे -
        - यह सभी प्रकार के वायु खतरों को नष्ट करने में सक्षम है जैसे - वायूयान, ड्रॉन हमले, मिसाइल हमले आदि -
    - ✓ **रक्षा उपकरण -**
        - बैटल टैंक - T-72, T-90
        - एयरक्राफ्ट कैरियरशिप - INS विक्रमादित्य
        - नाभिकीय पनडुब्बी - INS चक्र
        - फाइटर जेट - मिग-21, मिग-27, मिग-29, सुखोई विमान
- **ऊर्जा के क्षेत्र में**
    - ✓ रूस के पास विश्व में सर्वाधिक प्राकृतिक गैस के भण्डार, भारत-आयात
    - ✓ भारत के Essar Group में रूस की Rosneft ने निवेश किया
    - ✓ भारत की GAIL व रूस की Gazprom के बीच गैस आपूर्ति समझौता

- **अन्तरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग -:**
  - भारत के शुरू में उपग्रह रूस के विमान से प्रक्षेपित-
  - 1994 - भारत को सात क्रायोजेनिक इंजन उपलब्ध
  - **INSTC—**
    - भारत, रूस, ईरान द्वारा वर्ष 2000 में अंतर्राष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारा (INSTC) की शुरुआत की गई-
    - यह ईरान व कैस्पियन सागर के माध्यम से - भारत व रुस् तक
  - **RIC (Russia-India-China) -:**
    - क्षेत्र विश्व राजनीति में अमेरिकी वर्चस्व को कम करना
    - विकासशील देशों की हितों की रक्षा -
  - **आंतकवाद के विरुद्ध सहयोग**
  - **RCP (Russia-China-Pakistan) -** त्रिकोण
  - **भारत - रूस सैन्य अभ्यास -**
    - TSENTR 2019 (बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास)
    - इन्द्र अभ्यास संयुक्त त्रिसेवा
    - ZAPAD 2021 (बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास)
    - 2022-PASSEX का आयोजन -
  - **नरेन्द्र मोदी -** " भारत-रूस सम्बन्धों को "Time Tested Relations"-संबोधित किया

## भारत - चीन संबंध

- **भारत-चीन सहयोग**
  - 1949- माओ की साम्यवादी क्रान्ति-बाद चीन को मान्यता- भारत प्रथम
  - 29 अप्रेल 1954 - पंचशील समझौता - (प. नेहरू व चीनी प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई)
  - 2006 - नाथूला दर्रा (सिक्किम में) - चीन से व्यापार हेतु
  - 2008 - Hand-in-Hand संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास -
  - 2018 - मोदी का वुहान अनौपचारिक दौरा
  - 2019 - चेन्नई कनेक्ट - महाबलिपुरम - (मोदी व शी जिनपिंग)
  - **क्षेत्रीय सहयोग संगठनों में सहयोग-**
    - BRICS
    - S.C.O.
    - AIIB - बीजिंग - 2015
  - **समकालीन सहयोग के मुद्दे -** जलवायु परिवर्तन, W.T.O., बहुलवीयकिरण
- **भारत - चीन के मध्य विवाद -**
  - 1962- भारत चीन युद्ध तथा कोलम्बो प्रस्ताव (India-चीन के मध्य शान्ति के)
  - **सीमा विवाद -** मैकमोहन रेखा का (1914-स्थापित)
    - 1962 - अक्साई चिन विवाद (लद्दाख)- चीन का कब्जा
    - NEFA विवाद - North East Frontier Agency-अरुणाचल प्रदेश
    - त्वांग शहर विवाद - अरुणाचल
    - दौलतबेग ओल्डी क्षेत्र - लद्दाख
    - गलवान घाटी विवाद - 2020
    - शक्सगाम वैली - गिलगिट - 1963 में पाकिस्तान को.
  - **तिब्बत विवाद -** 1950 चीन का कब्जा
  - **दक्षिण चीन सागर विवाद -** चीन, भारत की उपस्थिति-विरोध
  - **ब्रह्मपुत्र नदी विवाद -** चीन यहां बड़े-बड़े बांध बना रहा है।

- **चीन की मोतियों की माला नीति - भारत को घेरने हेतु**
  - ✓ स्टेपल वीजा विवाद -
  - ✓ सिक्किम के भारत विलय पर विरोध-
  - ✓ पाकिस्तान को परमाणु सहायता व उग्रवाद समर्थन
- **भारत-चीन समकालीन विवाद -:**
  - ✓ डोकलाम विवाद - जून 2017 - अगस्त 2017
  - ✓ आंतकवाद पर चीन का veto
  - ✓ NSG सदस्यता का मुद्दा
  - ✓ मालद्वीप में हस्तक्षेप
  - ✓ OBOR तथा CPEC
- **भारत के प्रयास -**
  - ✓ मध्य एशिया से जुड़ने हेतु उत्तर-दक्षिण परिवहन कोरिडॉर-INSTC
  - ✓ स्पाइस रूट परियोजना
  - ✓ जापान के सहयोग से एशिया अफ्रीका ग्रोथ परियोजना
  - ✓ क्वाड (Quad) - चीन को रोकने हेतु .
  - ✓ सिल्क रूट v/s प्रोजेक्ट मौसम
- **भारत और चीन के मध्य-**
  - ✓ 2003- अटलजी व चीनी PM वेन जियाबाओ के मध्य में सहमति (सिक्किम पर भारत, तिब्बत पर चीन - प्रभुसता)
  - ✓ डिलिंकिग नीति - भारत द्वारा चीन के साथ सीमा विवाद -
  - ✓ मालाबार सैन्य अभ्यास - चीन द्वारा विरोध
  - ✓ डायमर भाषा बांध- सिन्धु नदी पर गिलगिट बाल्टीस्तान
  - ✓ हुवेई व अन्य कम्पनियों पर जासूसी का आरोप -
  - ✓ जिबूति में चीन का सैन्य अड्डा
- **सीमा विवाद को हल करने के लिए प्रयास -:**
  - ✓ 1988- राजीव गाँधी की चीन यात्रा और संयुक्त सीमा कार्यदल गठन
  - ✓ 1993- सीमा पर शान्ति बनाए रखने के लिए समझौता.
  - ✓ 1996- विश्वास प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई
  - ✓ 2003- Political Parameters and Guiding Principles पर हस्ताक्षर
  - ✓ 2005 - सामरिक एवं सहयोगात्मक भागीदारी - हस्ताक्षर
  - ✓ 2012 - भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श - समझौता
  - ✓ 2013- सीमा रक्षा सहयोग समब्झौता
  - ✓ 2018 - बुहान शिखर वार्ता
  - ✓ 2019 - महाबलिपुरम शिखर वार्ता
- **BRI- Belt and Road initiative**
  - ✓ **दो घटक**
    - Silk Road आर्थिक बेल्ट
    - समुद्री सिल्क मार्ग
  - ✓ **ब्रह्मपुत्र नदी विवाद -**
    - ब्रह्मपुत्र - सांगपो जो एक ट्रांस-बाउंड्री नदी है की धारा को चीन नियंत्रित करना चाहता है।
    - भारत द्वारा चलायी जा रही जल विद्युत परियोजना प्रभावित-
    - तिब्बत के संसाधनों का चीन द्वारा दोहन किया-
  - ✓ **मई 2023-** सैटेलाइट तस्वीरों से तथ्य सामने आया है कि चीन ने LAC के पास न्गारी गुनासा में विमान और सैन्य अभ्यास - नए भवन का निर्माण कर रहा है।

## भारत - बांग्लादेश संबंध

- **बांग्लादेश का उदय-** 16 दिसम्बर 1971
- **प्रथम राष्ट्रपति -** शेख -मुजीब-उर-रहमान
- **बांग्लादेश के उदय में भारत व पाक द्वारा अभियान:**
  - ✓ **ऑपरेशन सर्च लाइट -** पश्चिमी पाकिस्तान द्वारा
  - ✓ **ऑपरेशन चंगेज खाँ -** पाकिस्तान द्वारा - 3 दिसम्बर 1971
  - ✓ **ऑपरेशन ट्राइडेन्ट (Trident) -** भारतीय नौ सेना द्वारा- 4 दिसम्बर
- **भारत – बांग्लादेश के मध्य सहयोग -**
  - ✓ 1971- पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश बनाने में प्रमुख भूमिका.
  - ✓ 1972- 25 वर्षीय शांति, मैत्री व सहयोग सन्धि - (इन्दिरा गाँधी - शेख मुजीबुरहमान)
  - ✓ 1996- फरक्का समझौता (गंगा नदी)
  - ✓ **बन्धन एक्सप्रेस -** कोलकाता व खुलना (बांग्लादेश) मध्य
  - ✓ **मैत्री एक्सप्रेस -** कोलकता व ढाका के मध्य-
- **भारत - बांग्लादेश के मध्य विवाद -**
  - ✓ **सीमा विवाद -** 4100km -
    - अब एनक्लेव पर भारत ने 111 अन्तः क्षेत्र बांग्लादेश को और बांग्लादेश ने 51 अन्तः क्षेत्र भारत को दिए।
  - ✓ **तीन बीघा गलियारा समझौता -** भारत ने बांग्लादेश को पट्टे पर दिया।
  - ✓ **2015-** 100वां स.स. द्वारा भारत ने मसला हल किया।
  - ✓ न्यूमूरे द्वीप विवाद
  - ✓ गंगा नदी विवाद
  - ✓ तिस्ता नदी जल विवाद
  - ✓ बराक नदी जल विवाद
  - ✓ मुहरी नदी विवाद
  - ✓ फैनी नदी विवाद
  - ✓ चकमा शरणार्थी समस्या
  - ✓ अवैध घुसपैठ - भारत के (त्रिपुरा, असम में)

## भारत-श्रीलंका संबंध

- भारत - श्रीलंका के मध्य मुख्य विवाद : तमिल नागरिकता व अधिकारों का मुद्दा व समाधान के प्रयास
- **समझौते -:**
  - ✓ **1954 -** नेहरू-कोटवाला समझौता
  - ✓ **1964 -** लाल बहादुर शास्त्री - भण्डारनायक
  - ✓ **1974 -** इन्दिरा गाँधी - भण्डारनायके समझौता
    - कच्छतिवु टापू विवाद - श्रीलंका को सौंपा
  - ✓ **जुलाई 1987 -** राजीव गांधी- जयवर्धने समझौता -
- **ऑपरेशन:**
  - ✓ **1986 - operation Eagle -** जाफना में खाद्य सामग्री गिरायी.
  - ✓ **1987 - operation Pawan -** भारतीय शान्ति सेना भेजी
  - ✓ **1990 -** PM V.P. सिंह ने भारतीय शान्ति सेना - वापस बुला लिया

- **भारतीय शान्ति रक्षा सेना (IPKF - इंडियन पीस कीपिंग फोर्स)**
  - ✓ **उद्देश्य:** लिट्टे (LTTE) और श्रीलंकाई गृहयुद्ध - समाप्त करना
  - ✓ IPKF - भारत के लगभग 1100 जवान शहीद हुए
  - ✓ ये राजीव गाँधी की सबसे बड़ी भूल साबित हुई -
  - ✓ **LTTE -** 2009 में पूर्ण समाप्त - (राष्ट्रपति महिन्द्रा राजपक्षे)
- **समस्याएँ :**
  - ✓ कच्छ तिवु टापू का मामला
  - ✓ तस्करी की समस्या
  - ✓ व्यापार घाटे की समस्या
  - ✓ तमिल प्रवासियों की समस्या
  - ✓ हबनटोटा बंदरगाह
  - ✓ मानवाधिकार हनन का मुद्दा

## भारत - अफगनिस्तान संबंध

- पाक अधिकृत कश्मीर - अफगानिस्तान के मध्य - डुरन्ड रेखा
- अफगानिस्तान - विदेशी शक्तियों के हस्तक्षेप रहा-
- शुरुआत - USSR द्वारा 1979 में सैनिक हस्तक्षेप
- ऑपरेशन एन्ड्यूरिंग फ्रीडम - 9/11 घटना के बाद USA ने चलाया-

**हार्ट ऑफ एशिया सम्मेलन -:**

- ✓ **स्थापना -:** 2 नवम्बर 2011
- ✓ **उद्देश्य -:** अफगानिस्तान को स्थिरता व समृद्धि प्रदान करना
- ✓ भारत भी इसका एक सदस्य राष्ट्र है।

**विवाद -**

- **तालिबान** शासन - 1999 में इण्डियन एयरलाइन्स का विमान काठमांडू से अपहृत - कंधार में उतारा -
- 2011- भारत-अफगनिस्तान के पहले सामरिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर
- सड़क निर्माण - जरांज से डेलाराम तक 218 किमी सड़क निर्माण
- पुल -ए-खुमरी से काबुल - 220KVDC ट्रांसमिशन लाइन
- सलमा बाँध का निर्माण- मोदी द्वारा उद्घाटन - (भारत अफगान मैत्री बांध)
- नये संसद भवन का उद्घाटन - 25 दिसम्बर 2015 को नरेन्द्र मोदी द्वारा - (एक ब्लॉक - अटल भवन)
- अंतर्राष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारा - INSTC
- **तालिबान का दौर -**
  - ✓ भारत ने अफगानिस्तान को चार आक्रमणकारी mi-25 हेलीकॉप्टर दिए।
  - ✓ यह भारत के खिलाफ चीन-पाक गठजोड़ को मजबूत करेगा
  - ✓ **ऑपरेशन देवी शक्ति -** अफगानिस्तान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए

Toppersnotes unleash the topper in you